तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 17.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 9 मार्च 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



14 महर्षि विद्या मंदिर में मनाया विश्व महिला दिवस





14 ग्राम पंचायतों में हुआ उपसरपंच चुनाव




## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार की मौत

**बसना।** सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकराकर एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ब्राम्हणपुरी निवासी चिंताराम चतुर्वेदी 6 मार्च की सुबह 10 अपनी मोटर सायकल स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी 06 जीसी 4405 में ग्राम जमनीडीह अपने रिश्तेदार के घर काम से गया था। शाम को वापस आने के दौरान करीबन 5.40 बजे वह ग्राम झारबंद के पास रोड किनारे खड़े सोल्ड आयसर 380 ट्रैक्टर से टकरा गया, जिससे चिंताराम के सिर, एवं चेहरे में चोंट आई है। जिसे एम्बुलेंस के माध्यम से सरकारी अस्पताल बसना लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मौत हो जाना बताया। मामले में 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### शराब पीने की सुविधा तीन लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा और महासमुंद पुलिस ने लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। बागबाहरा पुलिस ने बाजार चौक स्थित अंडा ठेला में यशवंत सोनवानी पिता विष्णु सोनवानी (36) निवासी वार्ड नं 13 फुलवारी पारा और बाजारपारा बागबाहरा अपने घर में लोगों को शराब पीने की सुविधा देने पर आरोपी बल्लू पिता छन्नू सोनवानी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने ग्राम बिरकोनी के आरोपी तुलसी राम साहू को चखना ठेला में अवैध रूप से लोगों को शराब पीने की सुविधा मुहैया कराते पाया।

**न्याय कार्यक्रम :** जिले में 24 खंडपीठों का गठन कर किया गया लंबित मामलों का निराकरण

# नेशनल लोक अदालत में 3150 लंबित मामलों का निराकरण, 5,87,27,410 रुपए के अवार्ड पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शनिवार को जिला न्यायालय महासमुंद एवं तहसील पिथौरा, सरायपाली, बसना और बागबाहरा स्थित सिविल, श्रम न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों सहित कुल 24 खंडपीठों का गठन कर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश अनिता डहरिया के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आयोजित नेशनल लोक अदालत की उक्त सभी खंडपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकों के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई के लिए रखे गए थे। उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि. की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले तथा सिविल मामले भी नियत किये गये थे। उक्त खंडपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए जिला महासमुंद स्थित विभिन्न न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया।





### श्रम पंजीयन के लिए लगाए गए शिविर

जिला न्यायालय परिसर में आयोजित नेशनल लोक अदालत में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया एवं श्रम न्यायालय के न्यायाधीश तथा प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी के मार्गदर्शन पर श्रम विभाग द्वारा विभागीय स्टाल लगाकर श्रम विभाग के योजनाओं के बारे में बताया गया। इसी प्रकार खंडपीठ क्रमांक-04 के पीठासीन अधिकारी अनिल कुमार पांडेय द्वारा घरेलू हिंसा से संबंधित प्रकरण क्रमांक 49/2024 जो कि मामला बागबाहरा थाना का है। यह कि हाड़ाबंद निवासी हेमलता (परिवर्तित नाम) का विवाह 17 फरवरी 2016 को हिंदू रीति रिवाज के साथ ग्राम पोड़ गोबरा नयापारा निवासी मोहन (परिवर्तित नाम) के साथ हुआ था। वर्तमान में उनके एक पुत्र और एक पुत्री है। उन दोनों के विवाह के दो-तीन वर्ष बाद उनके रिश्ते में अनबन होने लगा। उसके पति द्वारा उसके चरित्र में संदेह कर मारपीट गाली गलौज करने लगा था।

### 5 करोड़ 87 लाख के अवार्ड पारित हुए

इसी प्रकार प्री-लिटिगेशन संबंधित मामलों में बैंक रिकवरी के 4 हजार 5 प्रकरणों में 23 लाख 20 हजार 560 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार विद्युत के 11 हजार 390 प्रकरणों में 5 करोड़ 59 लाख 45 हजार 186 रुपए, श्रम प्रकरण के 8 मामलों में 32 हजार 300 रुपए, एमएसीटी के 33 प्रकरण में दो करोड़ 64 लाख 70 हजार, एनआई एक्ट-138 के 35 प्रकरणों में 80 लाख 65 हजार 996 रुपए तथा 35 अन्य सिविल प्रकरणों का निराकरण कर 2 करोड़ 31 लाख 40 हजार 814 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार राजीनामा योग्य 3029 दांडिक प्रकरणों में राजीनामा के आधार पर प्रकरण का निराकरण किया गया। जिले के सभी तहसील एवं अनुभाग क्षेत्रों के राजस्व न्यायालयों के माध्यम से 36 हजार 306 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में सुलह एवं समझौता के आधार पर विभिन्न खंडपीठों के माध्यम से लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया और उनमें 5 करोड़ 87 लाख 27 हजार 410 रुपए की राशि के अवार्ड पारित किए गए। विदित हो कि 8 मार्च 2025 को पूरे देशभर में उच्चतम न्यायालय से लेकर तहसील स्तर तक के न्यायालयों में एक साथ हाईब्रिड नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसके सफल आयोजन के लिए विगत कई माह से अनवरत तैयारी की जा रही थी और पक्षकारों को नियत सुनवाई दिनांक के पूर्व राजीनामा के लिए नोटिस प्रेषित कर प्री-सीटिंग कर राजीनामा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया था। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन में महासमुंद अधिवक्तागण एवं न्यायालय के कर्मचारियों का अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ।



### स्वास्थ्य जांच के लिए लगाए गए स्टॉल

जिला न्यायालय महासमुंद परिसर में आयोजित नेशनल लोक अदालत के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महासमुंद तथा आयुर्वेद विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में न्यायालयीन अधिकारी-कर्मचारीगण, अधिवक्तागण तथा अपने प्रकरण में उपस्थित पक्षकारगणों एवं विभिन्न विभागों से आए अधिकारी-कर्मचारियों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया।

### दांपत्य जीवन एक साथ निर्वाह करने हुए सहमत

जिला न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में खंडपीठ क्रमांक-02 के समक्ष दांपत्य जीवन निर्वहन के पुर्नस्थापन संबंधित मामला जो कि महासमुंद कुटुंब न्यायालय में लंबित था। जिसमें पीठासीन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार सोनवानी द्वारा समझाइश दी गई, जिससे प्रेरित होकर दोनों दंपत्ति एक साथ रहने के लिए सहमत होते हुए अपना दांपत्य जीवन एक साथ निर्वाह करने के लिए तैयार हुए। उक्त प्रकरण खल्लारी थाना अंतर्गत ग्राम खल्लारी (भीमखोज) निवासी प्रमिला बाई निषाद 24 वर्ष (परिवर्तित नाम) का है, जिसका विवाह ग्राम बाना थाना खरोरा निवासी सत्यनारायण निषाद (परिवर्तित नाम) 27 वर्ष के साथ रीति वाजों के साथ 17 मार्च 2023 में हुआ था। शादी के बाद दोनों दांपत्य जीवन अच्छा था, बाद में उसके पति द्वारा गाली-गलौज, मानसिक रूप से प्रताड़ति करना शुरू कर दिया। जिसके कारण वे दोनों जून 2024 से अलग-अलग रहने लगे। जिसका प्रकरण परिवार न्यायालय में लंबित था। जिसे नेशनल लोक अदालत के खंडपीठ के माध्यम से समझाइश एवं आपसी सुलह के माध्यम से निराकरण किया गया।

# कांग्रेसियों ने जिला प्रशासन का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर महासमुंद कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला प्रशासन का शनिवार को पुतला दहन किया गया। बागबाहरा जनपद पंचायत में कांग्रेसी जनपद सदस्यों के बहुमत से डर कर जिला प्रशासन द्वारा बार-बार चुनाव तारीख आगे बढ़ाई जा रही है, जिससे सत्ता पक्ष के लोगों द्वारा जनपद सदस्यों को खरीद फरोख्त या दबाव डालकर अपने पक्ष में मतदान करने को विवश किया जा सकता है। विजयी हुए जनपद सदस्यों एवं उनके परिवार के साथ शासन प्रशासन आमनवीय व्यवहार कर रहे हैं।

बिंद्रावन क्षेत्र की जनपद सदस्य लता कुमार और घुंचापाली क्षेत्र की जनपद सदस्य मधुलिका चंद्राकर पर खुलेआम दबाव बनाने के लिए उनके परिवारों के सदस्यों को निशाना बनाया जा रहा है। लता कुमार के पति एवं मधुलिका चंद्राकर की सास जो कि शिक्षक हैं का ट्रांसफर 120 से 150 किलोमीटर दूर सरायपाली में कर दिया गया है। यह स्थानांतरण पूरी तरह से नियमों के विरुध्द है। क्योंकि, परीक्षाओं के दौरान शिक्षकों का स्थानांतरण नहीं किया जाता। 4 मार्च को चुनाव तय किए जाने की पश्चात 8 मार्च तक बढ़ाया गया। अब 12 मार्च कर दिया गया है। सत्तापक्ष जनपद सदस्यों की खरीद फरोख्त और दबाव बनाकर चुनाव को प्रभावित करना चाहता है। जिसमें शासन प्रशासन सत्ता के हाथों में खिलौना बने दिखाई दे रहे हैं। इस कारण कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना प्रदर्शन कर जिला प्रशासन का पुतला दहन किया गया।



इस दौरान डॉ.रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, निखिलकांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष, सोमेश दवे, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, प्रदीप चंद्राकर, भरत सिंह ठाकुर, ममता चंद्राकर, निर्मल जैन, सोनम रामटेके, अक्षय राव साकरकर, पार्षद सूरज नायक, मुश्ताक खान, टोमन सिंग कागजी, जावेद चौहान, देवेश शर्मा, डॉ. तरुण साहू, बबलू महानंद, डॉ. एजाज नकवी, नितेंद्र बैनर्जी, अजय थवाईत, सचिन गायकवाड़, दीपेश रामटेक, मेहुल सूचक, सन्नी महानंद, निखिल साहू, अमर परचानी, भानु सोनी इत्यादि कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

# महिला-पुरुष एक सिक्के के दो पहलू: डॉ. एकता

## गायत्री मंदिर महासमुंद में महिला दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महासमुंद जिले के गायत्री मंदिर में बिहान स्व-सहायता समूह द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाली डॉ. एकता लंगेह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उन्नति को बढ़ावा देना था। डॉ. एकता लंगेह ने अपने उद्बोधन में महिलाओं की शक्ति और समाज में उनकी बराबरी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिला और पुरुष एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही हैं। वे ऑटो-रिक्शा से लेकर ट्रेन, ड्रोन और हवाई जहाज तक चला रही हैं। घरेलू जिम्मेदारियों को निभाने के साथ-साथ वे शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सेवा, परिवार, राजनीति और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं।

उन्होंने समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पुरुषों की भागीदारी को भी आवश्यक बताया।




उन्होंने कहा कि हर पुरुष को अपनी पत्नी, बेटी, मां और अन्य सभी महिलाओं का सम्मान करना चाहिए और उनके कार्यों में सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं। महिलाओं ने समूह नृत्य, गीत और प्रेरणादायक नाटकों के माध्यम से समाज में महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया और महिला शक्ति की महत्ता को उजागर किया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ की धर्मपत्नी निवेदिता वर्मा, तारिणी चंद्राकर समेत कई प्रतिष्ठित महिलाएं और बिहान स्व-सहायता समूह की सदस्य उपस्थित रहीं। समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को इस अवसर पर सम्मानित भी किया गया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का यह आयोजन समाज में महिलाओं की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने तथा उनके योगदान को मान्यता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### 82 लोगों की बिजली काटी

**महासमुंद।** जिले में बिजली कंपनी लंबित बिजली बिल बकायादारों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। शुक्रवार को अधीक्षण अभियंता वीबीएस कंवर के निर्देशन में टीम गठित कर राजस्व वसूली के लिए खट्टी वितरण केंद्र के अंतर्गत बिजली बिल के लिए लंबित बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं का सामूहिक लाइन विच्छेदन किया गया। इस दौरान खट्टी वितरण केंद्र के कुल बकाया राशि रुपये 23 लाख 24 हजार 731 रुपए वाले 82 उपभोक्ता जिनमें सुमित अग्रवाल (कोसरंगी), मनहरण गाड़ा, मनहरण मोंगर (आमाकोनी), संतोष, नंदकुमार चंद्राकर (खमहरिया), हेमंत टांडे, बाबूलाल ध्रुव (परसदा), परमेश्वर साहू, हेदेश्वर गिरी (खम्हारमुढ़ा) व अन्य की बिजली काटी गई। विच्छेदन उपरांत 23 उपभोक्ताओं ने 3 लाख 84 हजार 138 रुपए का भुगतान किया।


पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969





खबर संक्षेप

## दिव्यांगजनों के लिए प्लेसमेंट कैम्प 11 को

**रायपुर।** दिव्यांगजनों के लिए प्लेसमेंट कैम्प 11 मार्च को विशेष रोजगार कार्यालय पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर सिविल लाइंस में लगाया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प के जरिए टेक्नोटास्क बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा कलेक्टर सपोर्ट एक्जिक्यूटिव के कुल 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। कैम्प में राज्य के किसी भी जिले के दिव्यांगजन शामिल हो सकते हैं। कैम्प में पुरुष और महिला दोनों वर्ग के दिव्यांगजन सम्मिलित हो सकते हैं।

## गंदगी फैलाने पर सात दुकानदारों से निगम ने वसूला जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को गंदगी फैलाने के मामले में सुंदरनगर इलाके में एक फर्नीचर दुकान एवं 6 फल दुकानों के संचालकों पर कार्रवाई करते हुए उनसे 17 सौ रुपए जुर्माना वसूला है। जोन-5 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने बताया कि स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा के नेतृत्व में सुंदरनगर इलाके में आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान एक फर्नीचर एवं 6 फल दुकानों में गंदगी पाई गई, जिस पर उन दुकानों के संचालक में राहुल फर्नीचर पर 5 सौ रुपए, फल दुकानों के संचालकों में नागेन्द्र सोनकर, काजू विकास, चंदन, गुप्पू सोनकर सहित 6 पर 200-200 रुपए का जुर्माना लगाया है। इस तरह इन सात दुकान संचालकों से कुल 1700 रुपए वसूल किया है। अधिकारियों ने कार्रवाई के साथ सभी दुकानदारों को भविष्य में गंदगी फैलाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

# बिजली आयोग में सदस्य नियुक्ति करने सरकार ने बनाई हाईपॉवर कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

प्रदेश में बिजली का नया टैरिफ तय करने के मामले में बड़ा पेंच फंसा हुआ है। इस समय बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष के साथ रहने वाले दो सदस्यों का पद खाली है।

बिना कोरम के किसी भी तरह की सुनवाई नहीं हो सकती। एक सदस्य का कार्यकाल सितंबर 2023 में पूरा हो गया था। एक और सदस्य का कार्यकाल बीते साल जुलाई में पूरा हुआ है। अब तक दोनों पदों पर नई नियुक्ति नहीं हो सकी है। नई नियुक्ति के बाद ही टैरिफ पर जनसुनवाई और नए टैरिफ का फैसला हो पाएगा। इस खबर को 22 फरवरी के अंक में हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद अब प्रदेश सरकार ने आयोग में सदस्यों की नियुक्ति के लिए हाई पॉवर कमेटी बना दी है। जल्द ही ऊर्जा विभाग से सदस्यों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकलेंगे, इसके बाद आवेदन आने पर योग्यता के आधार पर सदस्यों की नियुक्ति होगी।

प्रदेश के बिजली नियामक आयोग में अध्यक्ष हेमंत वर्मा के साथ पहले लीगल सदस्य के रूप में विनोद देशमुख और तकनीकी सदस्य के रूप में सीके गुप्ता काम कर रहे थे। इनका कार्यकाल अब समाप्त हो गया है। अब तक किसी और सदस्य की नियुक्ति नहीं की गई है। बिना सदस्यों के आयोग में अब किसी भी याचिका पर भी फैसला नहीं हो सकता। ऐसे में फरवरी में होने वाली जनसुनवाई की तारीख तय न होने से जनसुनवाई नहीं हो सकी है, जबकि अब मार्च भी प्रारंभ हो गया है।

### बिजली के नए टैरिफ के लिए अटकी हुई है जनसुनवाई

#### पॉवर कंपनी की 45 सौ करोड़ घाटे की याचिका

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें बताया गया है कि पॉवर कंपनी इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में पॉवर कंपनी का खर्च 23 हजार 82 करोड़ होगा। ऐसे में पॉवर कंपनी को 1570 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन 2023-24 में पॉवर कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ रुपए कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1570 करोड़ को घटाने के बाद 4560 करोड़ रुपए का अंतर आ रहा है। इस अंतर की राशि के लिए ही टैरिफ बढ़ाने की मांग है। लेकिन आयोग तय करेगा कि वास्तव में पॉवर कंपनी को कितने पैसों की जरूरत होगी।


बिजली नियामक आयोग में दो सदस्यों के पद लंबे से हैं खाली
बिजली के नए टैरिफ की जनसुनवाई के लिए विधिक सलाह लेने की तैयारी
हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर
पॉवर कंपनी की 45 सौ करोड़ घाटे की याचिका

#### बनी हाईपॉवर कमेटी

जनसुनवाई के अटके होने की खबर के हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद अब प्रदेश सरकार ने आयोग में सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसके लिए पहले कदम पर एक हाई पॉवर कमेटी बनाई गई है। रिटायर जज टीपी शर्मा की अध्यक्षता वाली इस कमेटी में मुख्य सचिव और केंद्रीय प्राधिकरण के अध्यक्ष सदस्य रहेंगे। ऊर्जा विभाग विज्ञापन प्रकाशित करके सदस्यों के लिए आवेदन मंगाएगा। आवेदन आने के बाद सदस्यों की नियुक्ति होगी, इसके बाद नए टैरिफ पर जनसुनवाई होगी। वैसे भी पिछले साल नया टैरिफ जून में लागू हुआ था। ऐसे में संभावना है सदस्यों की नियुक्ति के बाद अप्रैल में जनसुनवाई करके नया टैरिफ जून या इससे पहले लागू किया जाएगा।

## चुनाव : ग्राम पंचायत भंवरपुर के निर्विरोध उपसरपंच बने अनुराग शर्मा

# विकास के लिए करेंगे हर संभव प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

जनपद पंचायत बसना के सबसे बड़े ग्राम पंचायत भंवरपुर में हुए उपसरपंच चुनाव में सर्वसम्मति से अनुराग शर्मा को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया। पंचायत के सभी पंचों ने एकमत होकर उनका समर्थन किया, जिससे यह निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ।

अनुराग के निर्विरोध निर्वाचन पर ग्राम भंवरपुर के नागरिकों में हर्ष का माहौल है। उन्होने ग्रामवासियों से कहा कि यह जिम्मेदारी उन्हें जनता के सहयोग और विश्वास से मिली है, जिसे वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएगा। ग्राम पंचायत सरपंच कृष्ण कुमार सिदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए सभी प्रतिनिधियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि अनुराग शर्मा के नेतृत्व



एवं सहयोग में पंचायत को नई दिशा मिलेगी और जनहित में प्रभावी कार्य होंगे। शर्मा ने कहा अपनी जीत को पूरे गांव की जीत बताया। और कहा कि वे अपने दायित्व को पूरी ईमानदारी से निभाते हुए पंचायत के विकास के लिए हरसंभव प्रयासरत रहेंगे।

#### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी, सह पीठासीन अधिकारी एवं नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत सरपंच कृष्ण कुमार सिदार एवं नवनिर्वाचित पंचों में वार्ड क्रमांक 01 युगल किशोरी जितेंद्र वैष्णव, वार्ड क्रमांक–02 शिवराम देवांगन, वार्ड क्रमांक– 03 विशु अग्रवाल, वार्ड क्रमांक 04 - अनुराग शर्मा, वार्ड क्रमांक–05 अंजू खीरसाय देवांगन, वार्ड क्रमांक – 06 मनदीप कौर, वार्ड क्रमांक 07 भुनेश्वरी भोई, वार्ड क्रमांक– 08 प्रमोदिनी भोई, वार्ड क्रमांक –09 गायत्री खूंटे, वार्ड क्रमांक –10 दिव्या पटेल, वार्ड क्रमांक –11 महेंद्र पटेल, वार्ड क्रमांक –12 हेतु पटेल, वार्ड क्रमांक –13 भारती पटेल, वार्ड क्रमांक –14 भोज कुमार प्रधान, वार्ड क्रमांक –15 आशुतोष वैष्णव, वार्ड क्रमांक –16 गुलज़ारी लाल सिदार, वार्ड क्रमांक –17 डोलामणी पटेल, वार्ड क्रमांक –18 अहिल्या राणा, वार्ड क्रमांक –19 उदेराम चौहान, वार्ड क्रमांक –20 लता देवांगन आदि उपस्थित रहे।



#### मामाभांचा में कोमल बने उपसरपंच

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत मामाभांचा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में उपसरपंच पद के लिए कोमल महानंद विजयी हुए। यहां उपसरपंच पद के लिए 2 पंचों ने दावेदारी की थी। जिसमें ढाल सिंह ध्रुव को 07 मत एवं कोमल महानंद को 08 मत प्राप्त हुए। जिसमें कोमल महानंद 01 मत से जीत हासिल किए।

## वार्षिक परीक्षा के लिए कॉलेजों को 1.40 करोड़ देगा रविवि

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि स्वयं से संबद्ध महाविद्यालयों को 1 करोड़ 40 लाख 10 हजार रुपए प्रदान करेगा। बीते दिनों हुई कार्यपरिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया है।

- रविवि से संबद्ध 80 महाविद्यालयों को प्रदान की जाएगी अग्रिम राशि

विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। रविवि संबद्ध महाविद्यालयों को परीक्षा खर्च के लिए आवश्यक राशि प्रदान करता है। सामान्यतः रविवि यह राशि परीक्षा समाप्त होने के बाद देता है। परीक्षा और मूल्यांकन संबंधित कार्यों को लेकर हुई प्राचार्यों की बैठक में यह मुद्दा भी उठा था। इस पर प्राचार्यों का कहना था कि परीक्षा कार्य की राशि अग्रिम रूप से प्रदान की जाए ताकि उन्हें फंड को लेकर दिक्कत ना हो। रविवि ने कार्यपरिषद में 80 महाविद्यालयों को राशि प्रदान करने स्वीकृति दी है।

#### 67 लाख 70 हजार के उपकरण

रविवि को केंद्र सरकारी द्वारा पर्स नामक एक प्रोजेक्ट बीते वर्ष प्रदान किया गया था। इस प्रोजेक्ट के लिए आवश्यक उपकरणों की खरीदी के लिए भी सहमति कार्योपरांत दी गई है। रविवि 67 लाख 70 हजार के उपकरण इसके लिए खरीद चुक है। इसके भुगतान को लेकर सहमति परिषद ने जताई है। अन्य वित्तीय निर्णय भी रविवि द्वारा लिए गए हैं। इसमें प्राध्यापकों को अर्जित अवकाश की राशि प्रदान किए जाने से लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारी को सीपीएफ का भुगतान भी शामिल है।

## गोपालपुर में उमा बनीं उपसरपंच



**महासमुंद।** ग्राम पंचायत गोपालपुर के पंचायत भवन में उपसरपंच का चुनाव शासन के नियम के अनुसार हुआ। जिसमें उपसरपंच के लिए एक नाम निर्देशन फॉर्म ही आया था, जिसे पीठासीन अधिकारी ने स्वीकार करते हुए उमा महेश निषाद को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया।



#### सराईपाली में नूतन बनीं निर्विरोध उपसरपंच

**बसना।** जनपद पंचायत बसना के ग्राम पंचायत सराईपाली में सर्वसम्मति से नूतन नवीन साव को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया। पंचायत के सभी पंचों ने एकमत होकर उनका समर्थन किया, जिससे यह निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ। ग्रामवासियों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र का विकास नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी सोमप्रकाश साव, सह पीठासीन अधिकारी सिदार एवं ग्राम पंचायत सरपंच देवराज साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# श्याम बालाजी महाविद्यालय में वार्षिक खेल उत्सव के विजेताओं को मिला पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्याम बालाजी कॉलेज में शुक्रवार को पांच दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव के समापन समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी-अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, बैडमिंटन, डॉज बॉल, शतरंज, कैरम, क्रिकेट, स्लो साइकल शामिल थे।

पुरुष वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम अजय भोई, द्वितीय रितेश प्रधान, महिला वर्ग में प्रथम लाखेश्वरी दीवान, द्वितीय लाकेश्वरी पटेल रही। स्लो साइकल में पुरुष वर्ग में प्रथम सोमनाथ, द्वितीय सुमित साहू, महिला वर्ग में प्रथम माया दीवान, द्वितीय शिवानी रही। कैरम में बॉयज टीम में प्रथम



तुषार बारीक, विकास, गर्ल्स टीम में दीपशिखा, रूपाली। बैडमिंटन में बॉयज टीम में प्रथम तन्मय गोस्वामी, मुकेश, गर्ल्स में प्रलिता साहू, मानसी पुष्पांकर। शतरंज में बॉय में केतन पवार, गर्ल में छाया प्रथम रही। डॉज बॉल में बॉयज टीम में येलो हाउस और गर्ल्स टीम में रेड हाउस विजेता हुए। वहीं क्रिकेट टीम में सीनियर्स की टीम ने बाजी मारी ।

प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, शील्ड व मेडल देकर प्राचार्य के हाथों से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के संचालक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, प्राचार्य डॉ. अंकिता चंद्राकर ने सभी खिलाड़ियों से कहा खेल खेलने से योग्यता, प्रतिस्पर्धात्मक भावना, योजना बनाने और उसे कार्यान्वित करने की क्षमता, समय प्रबंधन कौशल और कार्यशीलता सीखने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक प्राध्यापक डॉ. संजय साहू, सहायक प्राध्यापिका उमा चौधरी, सहायक प्राध्यापक निर्मल बंजारे, टीआर कुर्रे, आशी चंद्राकर, सभी विभाग के विभागाध्यक्ष तथा सहायक प्रध्यापकगण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक शामिल थे। खेल प्रतियोगिता में संचालन छात्राध्यापक होमेश कुमार साहू व होमप्रकाश ठाकुर ने किया।

## होली में डीजे-मुखौटे प्रतिबंधित, तेज गति से वाहन चलाने पर भी होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



होली त्योहार में इस बार मुखौटे के साथ डीजे बजाना पर भी प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही होली के दौरान अगर कोई तेज गति से वाहन चलाता मिला, तो उसके विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में विभिन्न समाज के प्रमुख लोगों को भी बुलाया गया था। बैठक में सभी से त्योहार शांतिपूर्ण रूप से मनाने की अपील की गई। रमजान का महीना चल रहा है, इसलिए बैठक में शाामिल हुए मुस्लिम समाज के प्रमुख लोगों को भी भाईचारे के साथ इसे मनाने के निर्देश दिए गए।

एडीएम देवेंद्र पटेल ने कहा कि होली का त्योहार रंगों का त्योहार है, जो हम सबके जीवन में खुशियां बिखेरते हुए रंगमय बनाता है। होलिका दहन के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर मुरुम की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए जोन आयुक्तों को निर्देशित किया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर विद्युत व्यवस्था एवं साफ-सफाई की जाएगी।

# बाइसन की मौत के जिम्मेदार डॉक्टर के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष ने दिए थे कार्रवाई के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरु घासीदास नेशनल पार्क में ट्रांसलोकेट कर शिफ्ट किए जा रहे बायसन की एक्सपायरी मेडिसिन के डॉट लगाने से मौत की घटना के बाद लापरवाह डॉक्टर को संरक्षण देने के वन्यजीव प्रेमी आरोप लगा रहे हैं। वन्यजीव प्रेमियों ने आरोप लगाया है कि जंगल सफारी में चौसिंगा की मौत के लिए जिम्मेदार डॉक्टर के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष ने कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। बावजूद विभागीय अफसरों ने दोषी डॉक्टर के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने के बजाय उसे बारनवापारा शिफ्ट कर दिया। बाद में उसे पुनः वापस जंगल सफारी बुला लिया। इसके चलते हाल के दिनों में जंगल सफारी में साही की मौत होने के साथ नागालैड से ला रहे हिमालयन भालू की मौत हुई है।

बारनवापारा से गुरु घासीदास नेशनल पार्क शिफ्ट किए जा रहे सब एडल्ट मादा बायसन को ट्रैक्यूलाइज करने के बाद होश में लाने जो डॉट लगाया गया था, वह कालातीत हो गया था। कालातीत डॉट लगाने की वजह से बायसन को होश नहीं आया और लंबे समय तक बेहोशी की हालत में होने की वजह से बायसन की हार्ट अटैक से मौत हो गई। बायसन की मौत एक्सपायरी दवा से होने की बात की पुष्टि होने के बाद वन अफसरों ने आनन-फानन में डॉक्टर से सारे अधिकार छीन लिए और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वन्यजीव प्रेमियों के अनुसार इस मामले में डॉक्टर के खिलाफ तत्काल पीओआर दर्ज कर उनके निलंबन की कार्रवाई होनी चाहिए थी, लेकिन अफसरों ने ऐसा नहीं किया।


बायसन को ट्रैंक्यूलाइज करने मार्फिन की तीन से आठ हजार गुना ज्यादा हैवी डोज दी गई थी
बायसन को होश में लाने जो दवा दी गई थी वह कालातीत, उसी से मौत, डॉक्टर को नोटिस
हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर
बेहोश करने और होश में लाने इस दवा की डोज दी गई
पांच और बायसन शिफ्ट किए जाने की थी तैयारी
डॉक्टर को शोकॉज नोटिस
एक्सपायरी दवा से मौत

#### अब तक नहीं मिली अभियोजन स्वीकृति

जिस डॉक्टर की लापरवाही से बायसन की मौत के आरोप लग रहे हैं, वह डॉक्टर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से प्रतिनियुक्ति पर जंगल सफारी में आए हैं। उक्त डॉक्टर के खिलाफ ईओडब्लू में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज है। ईओडब्लू विभाग को अभियोजन स्वीकृति देने पूर्व में पत्र भी लिख चुका है। बावजूद इसके विभाग ने अब तक अभियोजन स्वीकृति की अनुमति नहीं दी है। ऐसे में वन्यजीव प्रेमी विभागीय अफसरों पर डॉक्टर को प्रश्रय देने का आरोप लगा रहे हैं।

#### अब तक जमा नहीं किया सरकारी वाहन

बायसन की मौत की घटना होने के बाद सीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने डॉक्टर के सभी अधिकार वापस लेते हुए उन्हें तत्काल सरकारी वाहन जमा करने निर्देश दिए। अफसर के निर्देश के बाद भी डॉक्टर ने अब तक सरकारी वाहन विभाग के पास जमा नहीं किया है। इस संबध में जंगल सफारी के डायरेक्टर धमशील गणवीर का कहना है कि डॉक्टर आज सरकारी गाड़ी जमा करेंगे।

#### *अपराध दर्ज करने अफसर पूर्व में कर चुके हैं अनुसंशा*

*जंगल सफारी में वसुंधरा नामक शेरनी को एक साल में दो बार गर्भधारण कराने का डॉक्टर पर आरोप लग चुका है। आरोप की पुष्टि होने के बाद डॉक्टर पर सरकारी दस्तावेजों में सफेदा लगाकर छेड़खानी करने का आरोप है। सरकारी दस्तावेज में छेड़खानी करने के आरोपी डॉक्टर के खिलाफ तत्कालीन जंगल सफारी डायरेक्टर एम. मर्सिबिला ने एफआईआर दर्ज करने की अनुसंशा की थी। बावजूद इसके वन अफसरों ने डॉक्टर के खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की। घटना सात से आठ साल पूर्व की है।*

# रीयल एस्टेट में योजनाओं की रफ्तार धीमी दो माह में 18 योजनाओं का ही रेरा में पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पहली बार 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 नई योजनाएं हुई थीं लांच
- बीते साल 161 नई योजनाएं हुईं थीं लांच

हरिभूमि सरोकार

रियल एस्टेट में अभी मंदी का दौर चल रहा है। नए साल में नई योजनाओं की रफ्तार काफी धीमी है। दो माह में महज 18 नई योजनाओं का रेरा में पंजीयन हुआ है। जनवरी में जहां 11 नई योजनाएं आई हैं, वहीं फरवरी में महज सात योजनाओं का ही पंजीयन हुआ है। बीते साल 161 योजनाओं का पंजीयन हुआ था। 2023 में सबसे मंदी रही है, क्योंकि 137 नई योजनाओं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उसमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है। पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रियल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रियल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रियल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा



#### 2022 में बना रिकॉर्ड

रियल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना उनको रेरा में पंजीयन के बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता है। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोना काल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल 273 नई योजनाएं आईं। इसके बाद 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई साल भर में महज 137 योजनाओं आईं।

## खबर संक्षेप

### 24 को आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विधायकों को करेंगी संबोधित

**रायपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 मार्च को छत्तीसगढ़ प्रवास पर आएंगी। इस दौरान वे विधानसभा में विधायकों को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और इसे लेकर हाई लेवल पर बैठक हो चुकी है। विधानसभा सत्र के दौरान पहले भी राष्ट्रपति राजधानी प्रवास पर आते रहे हैं। वर्तमान में विधानसभा में बजट सत्र चल रहा है जो 21 मार्च को समाप्त होगा। इसके बाद 24 मार्च को राष्ट्रपति के आगमन पर विधानसभा में फिर रौनक होगी। विधानसभा से जुड़े उच्च सूत्रों के अनुसार उनके आगमन को देखते हुए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं, हालांकि अभी राष्ट्रपति भवन से उनके आगमन कार्यक्रम की अधिकृत जानकारी आने का इंतजार किया जा रहा है। दूसरी ओर उनके आगमन को लेकर शासन स्तर पर बैठक शुरू हो चुकी है।



### अंतर्चिकित्सा महाविद्यालय युवा समारोह प्रारंभ

**रायपुर।** श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वा. विज्ञान विश्वविद्यालय के तत्वावधान में प्रथम अंतर्चिकित्सा महाविद्यालयीन दो दिवसीय युवा समारोह की शुरुआत शुक्रवार को हुई। आयोजन 7 एवं 8 मार्च को किया गया है। इसमें स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय से संबंधित 16 चिकित्सा महाविद्यालय के लगभग 300 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। विश्वविद्यालय के इस युवा समारोह में वाद-विवाद तात्कालिक भाषण, रंगोली, पेंटिंग, गायन एकल एवं युगल नृत्य के अलावा लघुनाटक प्रतियोगिता होगी। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि कुलपति आयुष डॉ. पीके पात्रा, विशिष्ट अतिथि सीएमई किरण कौशल रहीं। शनिवार को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीन एसबीआईएमएस डॉ. विष्णु दत्त होंगे।

## आयोजन : शासकीय पीजी कॉलेज में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# नारी केवल शक्ति ही नहीं, संसार की जननी है: प्राचार्य करूणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे, डॉ. नीलम अग्रवाल विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, प्रो. सी खलको विभागाध्यक्ष अंग्रेजी, डॉ. दुर्गावती भारतीय विभागाध्यक्ष हिंदी, डॉ सीमारानी प्रधान सहायक प्राध्यापक हिंदी मंचस्थ रहे। मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंचस्थ महाविद्यालय परिवार का बैच एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।

स्वागत उद्बोधन में डॉ. नीलम अग्रवाल ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही हैं चाहे वह शिक्षा हो, विज्ञान हो, राजनीति हो या फिर खेल। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अभी भी महिलाओं को समान अधिकार देने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इस महिला दिवस पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम महिलाओं का सम्मान करेंगे, उनके अधिकारों की रक्षा करेंगे। प्रो. करुणा दुबे ने बताया कि



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को दुनियाभर में मनाया जाता है। ताकि, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान किया जा सके। साथ ही उन चुनौतियों पर भी विचार किया जा सके, जिनका वे सामना कर रही हैं। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय अभियान का विषय है सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता, सशक्तिकरण, जो ऐसी कार्रवाई का आह्वान करता है जो सभी के लिए समान अधिकार, शक्ति और अवसर खोल सके। डॉ. दुर्गावती भारतीय ने महिला दिवस का दिन हमें नारी की हर छोटी-बड़ी लड़ाई को सम्मान देने और उनके सपनों को पंख देने का मौका देता है। यह दिवस हमें महिलाओं द्वारा समाज में दिए गए योगदान, उनके संघर्ष तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। इस दिन उन्हें यह ऐहसास कराया जाता है कि वह हमारे लिए कितनी खास हैं। डॉ. सीमारानी प्रधान ने कहा कि हर सफलता के पीछे एक नारी की ताकत होती है, नारी नमन, नारी सम्मान, यही है असली पहचान, नारी घर की रौनक है, दुनिया की रोशनी है, हौसले की उड़ान हो। महाविद्यालय के विद्यार्थियों रितु साहू बीएससी द्वितीय सेमेस्टर, अंजलि अग्रवाल, दामिनी साहू एमएससी द्वितीय सेमेस्टर रसायनशास्त्र, ट्विंकल साहू एमएससी द्वितीय सेमेस्टर प्राणिशास्त्र ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. दिलीप कुमार बढाई, प्रदीप कन्हेर, मनबोध चौहान, प्रियंका सोनवानी, डॉ. अजय कुमार देवांगन, मनीषा बेहरा, डॉ.जीवन चंद्राकर, डॉ. गरिमा दीवान, नम्रता तंबोली, परवीन करीम, डॉ रूखमणि साहू, रेणुका साहू, प्रकाशमणि साहू, रोहित ढीमर, कल्याणी साहू, पूजा यादव सहित महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी एवं सभी संकाय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य एवं आभार प्रदर्शन डॉ प्रियंका चक्रधारी सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र ने किया।

# आशियाना वृद्ध आश्रम ओल्ड एज होम में मनाया गया विश्व महिला दिवस




**महासमुंद।** एनएचएम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शनिवार को आशियाना ओल्ड एज होम में विश्व महिला दिवस मनाया गया। इस खास मौके में सभी बुजुर्गों और कर्मचारियों के साथ आत्महत्या और इसके रोकथाम में कार्यशाला आयोजित की गई।

बुजुर्ग महिलाओं व पुरुषों को आत्महत्या के लक्षण जैसे मन का उदास होना, नींद ना आना, गुस्सा करना, अपने आपको नुकसान पहुंचना, नशा का आदि होना, आत्मविश्वास में कमी, रुचिगत कार्य में मन नहीं लगना, चिंता करना व्यवहार में परिवर्तन होना आदि के रोकथाम के उपाय भी बताए गए। जिसमें दैनिक दिनचर्या को ठीक रखने, आपसी समन्वय स्थापित, एक दूसरे से वार्तालाप, हल्का व्यायाम, प्रतिदिन योगा, स्वयं की सफाई, मोटिवेशन, मनोरंजन, किताब पढ़े, खेल आदि बताया गया। आश्रम प्रबंधक लक्ष्मी रानी ध्रुव व अन्य कर्मचारी रुचि ठाकुर, दिव्या ठाकुर, अंजली साहू, सुनीता शर्मा समेत मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे, मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता खोमन लाल आदि मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कैरियर गाइडेंस का आयोजन

**महासमुंद।** सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर करियर गाइडेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जेसीआई वामा कैपिटल रायपुर से सीए अमिताभ दुबे, महाविद्यालय के संस्थापक मोतीचंद बाफना एवं जेसीआई वामा कैपिटल रायपुर की अध्यक्ष आस्था बाफना उपस्थित रहे। उन्होंने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को कैरियर में सफलता प्राप्त करने के विभिन्न तरीकों पर मार्गदर्शन दिया। अपने प्रेरणादायक भाषण में सीए दुबे ने छात्रों को आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के साथ कड़ी मेहनत और सही दिशा में निरंतर प्रयास करते रहने पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि सफलता केवल भाग्य पर निर्भर नहीं करती, बल्कि इसके लिए कठोर परिश्रम और सही रणनीति अपनाना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को हमेशा प्रेरित रहने, तनाव से दूर रहने और मानसिक रूप से मजबूत बने रहने के व्यावहारिक उपाय भी बताए। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपने प्रश्न रखे, जिनका मुख्य अतिथि ने सरल एवं प्रभावी तरीके से समाधान किया। इस कार्यक्रम से प्राप्त सीख ने छात्रों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी और अपने लक्ष्य तक पहुंचने में मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान समस्त सहायक प्राध्यापकगण मौजूद रहे।

# आवास योजना के नाम पर भाजपा ले रही झूठा श्रेय : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश को कर्ज में डूबाकर वाहवाही बटोरने वाली भाजपा की साय सरकार अपने सवा 1 साल के कार्यकाल में ना कोई नीति बना पाई है और ना ही नई योजना। भूपेश सरकार के समय विपक्ष में रहते भाजपा ने आवास योजना को लेकर काफी शोर मचाया था। प्रदेश में अब तक सबसे अधिक आवास बनाने का श्रेय भूपेश बघेल सरकार को जाता है। विधानसभा में भाजपा के मंत्री द्वारा बताए गए आंकड़े इसका प्रमाण है, जो अवास बन गए हैं तथा जो निर्माणाधीन हैं उन सभी को मिलाकर 18 लाख आवास के आंकड़े सामने आए हैं। जबकि, भाजपा की साय सरकार केवल अपने कार्यकाल में ही 18 लाख आवास स्वीकृत होने का ढोल पीट रहे थे। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के समय बनाए गए आवासों पर भाजपा श्रेय लेने से पीछे नहीं हट रही। चंद्राकर ने कहा कि साय सरकार प्रधानमंत्री आवास के नाम पर प्रदेश वासियों को झूठ परोस रही है।



18 लाख आवास स्वीकृति की बात को लेकर बार-बार झूठा श्रेय लेने का प्रयास भाजपा कर रही है। 2011 के बाद से आम जनगणना नहीं हुई। 2016 के सर्वे सूची के आधार पर प्रदेश को कुल 18 लाख पीएम आवास का लक्ष्य मिला था। जिसमें रमन सिंह की सरकार के समय 2016 से 2018 तक 2 लाख 34 हजार आवास बने, 2018 से 2023 तक भूपेश सरकार के समय पूर्ण व अपूर्ण आवासों को मिलाकर लगभग 11 लाख आवास बनाए गए। इस लिहाज से 13 लाख 34 हजार आवास बनाए जा चुके हैं। 5 लाख 66 हजार आवास और बनना है। लेकिन, भाजपा की साय सरकार पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन के समय निर्मित आवासों का भी श्रेय लेने का प्रयास कर रहा है। विधानसभा प्रश्नकाल में भाजपा के मंत्री ने भाजपाइयों के झूठ का पोल खोल दी है।

# एनएसएस शिविर में विधिक जागरुकता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में व्यवहार न्यायालय बागबाहरा के न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अविनाश टोप्पो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन अर्चन के साथ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टोप्पो ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से संविधान से संबंधित संक्षिप्त में चर्चा करते हुए भारतीय संविधान, मोटर वाहन अधिनियम, पास्को एक्ट, साइबर क्राइम, घरेलू हिंसा आदि से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आर्थिक स्थिति ठीक ना होने पर व्यक्ति, दिव्यांग एवं महिलाएं निःशुल्क विधिक सहायता ले सकते हैं। उन्होंने वर्तमान समय में मोबाइल आदि के माध्यम से हो रहे क्राइम आदि के संबंध में आईटी एक्ट पर भी चर्चा की एवं निजता के अधिकार को भी स्पष्ट किया। साथ ही आगामी भविष्य में लागू हो चुके भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत परिवर्तन के बारे में जागरूक रहने प्रेरित किया। प्रश्नोत्तर के माध्यम से सभी स्वयंसेवकों और गांव से आए नागरिकों ने विभिन्न शंकाओं को पूछा और समाधान प्राप्त किया। चर्चा के अंत में स्वयंसेकों के उत्साहवर्धन के लिए दृढइच्छा शक्ति व आत्मविश्वास के साथ छात्रों को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया।



आभार व्यक्त करते हुए रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ खिलावन पटेल ने बताया कि विधिक जागरुकता से सभी विद्यार्थियों को एक विशेष जानकारी मिलती है। कार्यक्रम के दौरान नायब नाजिर हितेश दीवान, विधिक सेवा से धनंजय पटेल, वेदप्रकाश पटेल, पुलिस विभाग के मनोज चंद्राकर सहित महाविद्यालय के डॉ राजू चंद्राकर, चंपा साहू, राजकुमार ध्रुव, पूनम लाल साहू, युवराज पटेल आदि उपस्थित रहे।



## जनहित के लिए सदैव रहूंगा तत्पर : भाऊराम

**महासमुंद।** 7 मार्च को स्थानीय शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में नगर पालिका अध्यक्ष तथा समस्त पार्षदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस दौरान वार्ड क्रमांक 25 राधाकृष्णन वार्ड के नवनिर्वाचित पार्षद भाऊराम साहू ने शपथ ग्रहण पश्चात कहा कि वार्ड 25 के जनता जनार्दन ने उन्हें सेवा का अवसर प्रदान किया है। इस पर खरा उतरते हुए आगामी 5 साल जनहित के लिए सदैव तत्पर रहूंगा तथा सरकार के सभी योजनाओं का लाभ वार्डवासियों को दिलाने का प्रयास करूंगा। साहू ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार तथा राज्य के विष्णुदेव सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाए जा रहे हैं, जिसका लाभ हमारे वार्डवासियों सहित समस्त पात्र हितग्राहियों को मिले इसका ध्यान वे रखेंगे।



## चंद्रकांत बने तुपकबोरा के उपसरपंच

**महासमुंद।** पंचायत चुनाव होते ही उपसरपंच के लिए निर्वाचन चल रहे हैं। इसी तारतम्य में बागबाहरा ब्लाक के ग्राम पंचायत तुपकबोरा के आश्रित ग्राम मुड़ागांव के वार्ड क्रमांक 11 से नवनिर्वाचित पंच चंद्रकांत साहू को उपसरपंच निर्विरोध मनोनीत किया गया। बता दें कि आश्रित ग्राम मुड़ागांव में 06 वार्ड है। चंद्रकांत के उपसरपंच बनते ही पूरे गांव में ख़ुशी का माहौल बना हुआ है। उपरोक्त जानकारी पीतांबर साहू ने दी है।






**खबर संक्षेप**

### श्रीफल व पेन भेंटकर महिलाओं का सम्मान

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला बड़गांव में महिला दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती व भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पश्चात बच्चों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को रंजना यादव, वीणा निषाद, कुंती पन्नालाल पटेल, करन अनंत व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण चक्रधारी ने संबोधित किया। इस दौरान प्राथमिक शाला में निःशुल्क शिक्षादान दे रही हीराबाई निषाद व उपस्थित महिलाओं का श्रीफल व पेन देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रंजना यादव, कुंती पटेल, वीना निषाद, प्रेमवती निषाद, रजनो बाई निषाद, नंद कुमारी निषाद, कुमारी निषाद, दुकलहीन निषाद, तिजिया निषाद, लगनी निषाद, गोदावरी निषाद, तनु चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं को सम्मानित किया गया। वही कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

## प्रेसवार्ता : जनपद सदस्यों पर दबाव बनाने की कोशिश करने का आरोप

# अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव की तारीख बढ़ाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

**कांग्रेसियों ने प्रेसवार्ता कर कहाः भाजपा सरकार कर रही लोकतंत्र की हत्या**



जिले के बागबाहरा जनपद पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव इसलिए सुर्खियों में है क्योकि जिले के पांच ब्लाकों में चार ब्लाकों के जनपद चुनाव हो चुके हैं। लेकिन, बागबाहरा जनपद पंचायत चुनाव के लिए दूसरी बार तारीख बढ़ाई गई है। पूर्व में इसे 4 से बढ़ाकर 8 किया गया और अब 12 मार्च को कराए जाने की बात कही जा रही है।

इस मामले को लेकर स्थानीय विश्राम गृह में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, केशव चंद्राकर, शहर अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर भाजपा सरकार आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है और सत्ता का दुरुपयोग कर रही है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्वतंत्रता को छीनने का काम कर रही है। एक ओर केंद्र की भाजपा सरकार जहां वन नेशन वन इलेक्शन की बात कर रही है, लेकिन यहां एक छोटे से जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव नहीं करवा पा रही है। और सत्ता दल बल का प्रयोग कर रही है। निर्वाचन आयोग एक मोहरे के रुप में शासन के इशारे पर अपना कार्य कर रही है। जनपद का प्रारंभिक रुझान कांग्रेस की ओर नजर आता देख भाजपा द्वारा जनपद सदस्य के परिवार के शासकीय कर्मचारी का ट्रांसफर कर दिया जा रहा था। डरा व धमका कर बस्तर भेजने की बात कही जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानांतरण पूरी तरह नियमों के खिलाफ है। क्योंकि, परीक्षा के दौरान शिक्षकों को स्थानांतरण नहीं किया जा सकता और नियमत अधिकतम 8 किलोमीटर के भीतर ही स्थानांतरण किया जा सकता किया जा सकता है। नियम विरुद्ध अधिकारी किसी का स्थानांतरण नहीं किया जा सकता। भाजपा के इशारे पर लगातार तारीख को टालने का शर्मनाक खेल कर रहे है। आगे कहा कि जनपद सदस्यों के परिवार के सदस्यों को ट्रांसफर के बाद अब जनपद सदस्यों पर खरीद फरोख और दबाव की नीति अपना कर चुनाव को प्रभावित करने का काम भाजपा सरकार कर रही है। उन्होंने कड़ी चेतावनी चेतावनी देते हुए शासन को कहा है कि चुनाव टालने की प्रक्रिया को बाधित करने की साजिश को बंद होनी चाहिए तथा जनपद सदस्यों के परिवारों को राजनीति का शिकार जो बनाया जा रहा है, उसे तुरंत रोका जाना चाहिए। प्रशासन सत्ता के पक्ष में इशारा कर नाचना बंद करें और निष्पक्ष चुनाव कराए। यदि सत्ता पक्ष द्वारा जनपद सदस्यों पर दबाव बनाने की कोशिश की जाती है तो कांग्रेस पार्टी आने वाले आने वाले समय में उग्र आंदोलन करेगी। साजिश करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है, जनपद सदस्यों की धमकाने तथा उनके परिवारों को प्रताड़ित करने का कार्य बंद किया जाए। संविधान का पालन कर चुनाव में सदस्यों को अपने निर्वाचन करने के लिए स्वतंत्र है। इस दौरान ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष रवि निषाद, मनोहर ठाकुर, गणेश शर्मा, फिरोज मेमन, समीम कुरैशी, पंकज हरपाल, नवनीत सलूजा, ताम्रध्वज बघेल, ममता यादव, मिथुन, आमिर आदि उपस्थित रहे।



### ग्राम पंचायतों में हुआ उपसरपंच चुनाव

**नर्रा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत शनिवार को उपसरपंच के लिए निर्वाचन हुआ। जिसमें ग्राम पंचायत नर्रा से उपसरपंच  लोकनाथ पटेल निर्वाचित हुए। इसी तरह ग्राम पंचायत राटापाली से एकता नोखलाल मरार पटेल उपसरपंच निर्वाचित हुए। ग्राम पंचायत खट्टी में सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित पंचों ने रोशनलाल तारक को उपसरपंच मनोनीत किया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत परकोम में भी सर्वसम्मति से उपसरपंच खिलावन यादव को बनाया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत उखरा से उपसरपंच चैतराम निषाद, ग्राम पंचायत पंडरीपानी से शंकरलाल यादव, ग्राम पंचायत परसुली से कपूरचंद चक्रधारी, ग्राम पंचायत पतेरापाली (स) से उपसरपंच आनंद रात्रे, ग्राम पंचायत कुसमी दीना तीरथ पटेल, ग्राम पंचायत कोमाखान में हिरेंद्र उपाध्याय, बिंद्रावन में पार्वती पांडे, झिटकी में रेखराम दीवान, करीडीही से कुमार चक्रधारी एवं ग्राम पंचायत उखरा से निर्वाचित उपसरपंच चैतराम निषाद निर्वाचित हुए।



### महर्षि विद्या मंदिर में मनाया विश्व महिला दिवस

**महासमुंद।** महर्षि विद्या मंदिर स्कूल ग्रुप महासमुंद एवं सहस्त्र शीर्षा देवी मंडल द्वारा संयुक्त रूप से 08 मार्च 2025 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत गुरु पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। तत्पश्चात संस्था प्रमुख प्राचार्य आरके तिवारी द्वारा उद्बोधन में बताया गया कि मनुस्मृति में लिखा गया है कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता'। साथ ही 1857 की क्रांति में रानी दुर्गावती एवं रानी लक्ष्मीबाई जैसे नारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। तत्पश्चात विद्यालय की शिक्षिकाओं रेखा तिवारी, अनिता ग्वाल ने अपने विचार रखें। साथ ही विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन कराया गया। जिसमें कुर्सी दौड़ में प्रथम भूमिका पटेल एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में निशि चंद्राकर ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक गोविंद सिंह ठाकुर ने किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर पुरस्कार एवं मिष्ठान वितरित किया गया।










